कार्यालय पुलिस उपायुक्त,

जोधपुर पूर्व

।। प्रेस नोट ।।

@ DCPEastJodhpur DCPEastJodhpur @ Dcp Jodhpur East

दिनांक:- 05.05.2024

- **पुलिस थाना महामन्दिर टीम द्वारा पिक-अप चोरी की घटना का 24 घण्टे के भीतर खुलासा**
- **मालमसरूका चोरी की पिकअप सहित 02 आरोपी पंजाब राज्य तथा 01 आरोपी जोधपुर से गिरफ्तार**

**घटना का विवरण**-

दिनांक 02.05.2024 को पुलिस थाना महामन्दिर पर प्रार्थी श्री आकाशदीपसिहं निवासी हरिकापतन जिला तरनतारन (पंजाब) ने एक रिपोर्ट दी कि मैं दुकान न. 02 भदवासिया कृषि मण्डी डब्ल्यु ब्लाक दुकान से थोक से चावल खरीद कर गांव में बेचने का कार्य करता हुँ। दिनांक 22.04.2024 को मेरे गांव जाने हेतु मैंने मेरी गाडी पिक-अप गाडी भदवासिया मण्डी मे उक्त दुकान के सामने खड़ी कर मैं गावं चला गया। पीछे से कोई अज्ञात चोर दिनांक 22.04.2024 से आज दिन के बीच चोरी कर ले गया है वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया जाकर अनुसंधान शुरू किया गया।

**कार्यवाही पुलिस**-

श्रीमान् राजेन्द्रसिंह(IPS), पुलिस आयुक्त महोदय पुलिस आयुक्तालय जोधपुर, श्री विरेन्द्रसिंह, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व, श्री अभिषेक अंदासु(IPS प्रो.) एसीपी वृत पूर्व द्वारा शहर जोधपुर मे विगत दिनों में बढ़ रही वाहन चोरियों पर अंकुश लगााने हेतु शातिर वाहन चोरों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही हेतु विशेष दिशा-निर्देश दिये जा रहे है। प्राप्त सुदा विशेष दिशा-निर्देशों की पालना में पुलिस थाना महामन्दिर जोधपुर पूर्व पर एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।

**घटना का खुलासा**-

गठितसुदा विशेष पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर वक्त चोरी घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों का बारीकी से अवलोकन किया गया तो घटना स्थल पर वक्त घटना बिजली की कटौती होना पायी गयी, जिस पर घटना से पहले के तथा घटना स्थल से दुरी के सीसीटीवी कैमरों का बारीकी से अवलोकन किया

गया तो ज्ञात हुआ कि आरोपी शहजाद ने ट्रांसफार्मर के नीचे लगे सर्किट ब्रेकर में से घटना स्थल की ओर जाने वाली लाईन का कनेक्शन कट कर दिया, जिस कारण घटना सीसीटीवी कैमरों मे कैद नहीं हो और पुलिस पकड़ से बच सके। इसी क्रम में प्रार्थी द्वारा उक्त स्थान पर अपनी गाडी खड़ी करते समय अपनी पिक-अप गाडी की बैटरी के तार अलग कर दिये जिस कारण पिक-गाडी आसानी से स्टार्ट नहीं हो। आरोपीगणों ने जब पिक-अप को स्टार्ट करनी चाही तो पिक-अप स्टार्ट नहीं होनें पर आरोपीगणों ने बोनट हटाकर देखा गया तो बेट्री के तार हटे हुए पाये गये। जिन्हें आरोपीगणों द्वारा पुनः जोडकर पडौसियान से किसी की मोटरसाईकिल की चाबी मांगकर चाबी की सहायता से पिकअप को धक्का लगाकर स्टार्ट कर दी गाडी स्टार्ट करने के बाद आरोपी शहजाद ने आरोपीगण 1. हरदीपसिह उर्फ दीपा पुत्र श्री अवतारसिह जाति मजबी सिख उम्र 30 साल निवासी किरतोवाल कल्ला, पुलिस थाना हरिकापतन जिला तरनतारन पंजाब, 02. हरजेन्द्रसिंह उर्फ जिन्दा पुत्र श्री सरमासिह जाति मजबी सिख उम्र 36 साल निवासी किरतोवाल कल्ला, पुलिस थाना हरिकापतन जिला तरनतारन पंजाब को छोड़ने हेतु 8 मील मण्डोर तक पिक-अप के साथ गया उसके बाद दोनों आरोपीगण 1. हरदीपसिह उर्फ दीपा, 02. हरजेन्द्रसिंह उर्फ जिन्दा चोरी की हुई पिक-अप को हाईवे रास्ते से पंजाब लेकर चले गये, पंजाब ले जाकर आरोपीगणों ने गाडी को मोडिफाई करने का प्रयास किया। मुखबीर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने पंजाब पहुंच कर आरोपीगणों को गिरफ्तार कर पिक-अप गाडी को पुलिस थाना हरिकापतन जिला तरनतारन पंजाब से जब्त किया तथा पुलिस टीम पिक-अप व दोनों आरोपीगणों को जोधपुर लेकर आयी दोनों आरोपीगणों को माननीय न्यायालय में पेश किया जाकर 02 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया। अनुसंधान के दौरान वारदात करने में सह-अभियुक्त शहजाद पुत्र श्री मोहमद रफीक जाति मुसलमान उम्र 32 साल निवासी गुलाब नेहरू कोलोनी पुलिस थाना नागोरी गेट जोधपुर पूर्व को गिरफ्तार किया गया।

## तरीका ए वारदात-

प्रार्थी आकाशदीपसिंह जो अपनी पिक-अप गाडी के माध्यम से जोधपुर शहर में चावल बेचने का कार्य करता है, प्रार्थी दिनांक 22.04.2024 को अपनी गाडी की बैटरी के तार हटाकर भदवासिया मण्डी में खड़ी कर अपने गांव चला गया, प्रार्थी द्वारा मण्डी में गाडी खड़ी करने तथा प्रार्थी के गांव जाने की जानकारी तीनों आरोपीयों को हो गयी। तीनों आरोपीगण नशेड़ी प्रवृति के है, आरोपीगण 1. हरदीपसिह उर्फ दीपा, 02. हरजेन्द्रसिंह उर्फ जिन्दा भी पंजाब से चावल लाकर जोधपुर मे बेचने का कारोबार करते है। कुछ दिन पूर्व आरोपीगण 1. हरदीपसिह उर्फ दीपा, 02. हरजेन्द्रसिंह उर्फ जिन्दा जो नशेडी होने के कारण तथा इन दोनों के उपर कर्जा होने के कारण मण्डी में किसी सेठ के पास कर्ज के पैसे नही चुका पाने के कारण अपनी कार को गिरवी रख दी, आरोपीगण 1. हरदीपसिह उर्फ दीपा, 02. हरजेन्द्रसिंह उर्फ जिन्दा को गावं जाने के लिए साधन नही था तो आरोपीगण 1. हरदीपसिह उर्फ दीपा, 02. हरजेन्द्रसिंह उर्फ जिन्दा व 03. शहजाद तीनों ने योजनाबद्ध बनाई और जहां पर पिकअप गाडी खड़ी थी वहां पर सीसीटीवी कैमरों की आरोपीगणों को जानकारी होने पर आरोपी शहजाद के माध्यम से घटना स्थल की बिजली लाईन के सर्किट ब्रेकर को डाउन कर पिकअप गाडी खडी होने के आस पास के एरिये की बिजली कट कर दी और मौके का फायदा

उठाकर प्रार्थी द्वारा अपनी गाडी के बैटरी से हटाये गये तार पुन जोडकर पडौसियान से किसी की मोटरसाईकिल की चाबी मांगकर चाबी की सहायता से पिकअप को धक्का लगाकर स्टार्ट कर आरोपीगण 1. हरदीपसिह उर्फ दीपा, 02. हरजेन्द्रसिंह उर्फ जिन्दा हाईवे के रास्ते से फरार होकर पंजाब चले गये।

## अपराधियों का विवरण

1. हरदीपसिह उर्फ दीपा पुत्र श्री अवतारसिह जाति मजबी सिख उम्र 30 साल निवासी किरतोवाल कल्ला, पुलिस थाना हरिकापतन जिला तरनतारन पंजाब,
2. हरजेन्द्रसिंह उर्फ जिन्दा पुत्र श्री सरमासिह जाति मजबी सिख उम्र 36 साल निवासी किरतोवाल कल्ला, पुलिस थाना हरिकापतन जिला तरनतारन पंजाब
3. शहजाद पुत्र श्री मोहमद रफीक जाति मुसलमान उम्र 32 साल निवासी गुलाब नेहरू कोलोनी पुलिस थाना नागोरी गेट जोधपुर पूर्व

## पुलिस टीम--

01.श्री शिवलाल निपु थानाधिकारी पुलिस थाना महामन्दिर जोधपुर पूर्व।
02.श्री अमराराम सउनि
03.श्री राकेशसिंह सउनि साईबर सैल जोधपुर पूर्व।
04.श्री महावीर सिंह हैड कानि. पुलिस थाना महामन्दिर
05.श्री रामनिवास कानि 2345 (विशेष भूमिका)
06.श्री प्रकाश कानि 2551 आसूचना (विशेष भूमिका)
07.श्री रतनलाल कानि 1061
08.श्री बंशीलाल कानि 2439
09.श्री सुरेन्द्र कानि 977
10.श्री सुरेश कानि 2637

(आलोक श्रीवास्तव)
पुलिस उपायुक्त
जोधपुर पूर्व


पुलिस थाना महामन्दिर
पुलिस आयुक्तालय, जोधपुर (पूर्व)
BAPU